समाचार

# 19 जून को वार्ड क्र. 07, 16, 29, 34, 43, 48, 54, 67 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट




कोरबा 18 जून 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 19 जून शनिवार को वार्ड क्र. 07, 16, 29, 34, 43, 48, 54, 67 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 जून शनिवार को वार्ड क्र. 07 मोतीसागरपारा पोखरीपारा आंगनबाड़ी, वार्ड क्र. 16 कोहड़िया साहू मोहल्ला, वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार सामुदायिक भवन बांस बाड़ी, वार्ड क्र. 34 फायर कालोनी मंच, वार्ड क्र. 43 सिंचाई कालोनी स्टेज के पास, वार्ड क्र. 48 नागिनभांठा सलिहाभांठा, वार्ड क्र. 54 दशहरा मैदान सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 67 आंगनबाड़ी केन्द्र बांधापारा के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी।